<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 4732

23 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

सरकारी क्षेत्र के रुग्ण इस्पात संयंत्र

4732. श्री विष्णु दयाल रामः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में देश में सरकारी क्षेत्र के रुग्ण इस्पात संयंत्रों की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने उनके पुनरुद्धार/पुनर्संरचना के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी संयंत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) यह कब तक किए जाने की संभावना है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (घ): इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत दो इस्पात विनिर्माण केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र उद्‌यम (सीपीएसई) हैं नामतः स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल)। दोनों सीपीएसई रूग्ण सीपीएसई की श्रेणी में नहीं आते हैं।

****